पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

visit us : www.prsu.ac.in E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्र. 1660 /परीक्षा/प्रवेश/2025 रायपुर, दिनाँक 31/07/2025

// अधिसूचना //

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 17–83/2018/38–2 नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर, दिनांक 30/05/2025 के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025–26 में स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के **प्रथम सेमेस्टर** में प्रवेश की तिथि में कुलपति की अनुमति से **दिनांक 14/08/2025** तक वृद्धि की गई है।

उक्त पत्र के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों एवं अध्ययनशालाओं में संचालित स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (प्रथम सेमेस्टर) में स्थान रिक्त होने की स्थिति में **दिनांक 14/08/2025 तक वृद्धि** की जाती है।

महाविद्यालय के प्राचार्य/अध्ययनशाला के अध्यक्ष रिक्त रह गये सीटों पर ऐसे छात्र जिन्होने पूर्व में ऑनलाइन आवेदन नहीं किया है उन्हें महाविद्यालय/अध्ययनशाला में प्रस्तुत आवेदन के आधार पर नियमानुसार **ऑफलाइन प्रवेश** देंगे एवं उनका विवरण विश्वविद्यालय के पोर्टल पर दिनांक 20/08/2025 तक **ऑनलाइन अपडेट** करेंगे। छात्रों का ऑनलाइन विवरण अपडेट न होने की स्थिति में छात्र का प्रवेश शून्य माना जाएगा, जिसके लिए महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रवेश प्रभारी एवं अध्ययनशाला के अध्यक्ष जवाबदेह होंगे।

आदेशानुसार,

31/7/25

कुलसचिव

पृ.क्र. 1661 /परीक्षा/प्रवेश/2025 रायपुर, दिनाँक 31/07/2025

प्रतिलिपिः–

1. सचिव माननीय राज्यपाल, राजभवन,रायपुर,
2. माननीय उच्च शिक्षा मंत्रीजी के विशेष सहायक,
3. सचिव, उच्च शिक्षा महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल–नगर,
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल–नगर,
5. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/संचालक,महाविद्यालयीन विकास परिषद,पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,
6. स.कु.स.,गोपनीय/उ.कु.स.,अकादमिक/उ.कु.स.,विकास, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,
7. प्रभारी, आई.क्यू.ए.सी. (IQAC), पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,
8. प्राचार्य/अध्यक्ष, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय एवं अध्ययनशाला, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,
9. संचालक,भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता,सहकारी संघ मर्यादित 320AD,इंदिरा नगर,स्पीकर हाउस के सामने, कांके रोड,रांची–झारखंड,पिन नं–834008 को इस निर्देश के साथ कि विश्वविद्यालय अध्ययनशाला एवं समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लिए छात्रों का विवरण ऑनलाइन पोर्टल खोलने हेतु आवश्यक कार्यवाही एवं व्यवस्था हेतु अग्रेषित,
10. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार–पत्र रायपुर अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें,
11. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,को सूचनार्थ।

उप कुलसचिव (परीक्षा)